जमैका की खोज

ऐनी सिबली

चित्र : ओ'ब्रायन हैविल

जमैका की खोज

ऐनी सिबली

चित्र : ओ'ब्रायन हैविल

जब जमैका पार्क में पहुंची तो वहां कोई नहीं था. खाना खाने का समय होने वाला था, लेकिन उसके पास खेलने के लिए अभी भी कुछ मिनट बाकी थे.

वो एक झूले पर बैठी और उसने अपने पैर की उंगलियों से उसे धक्का दिया और झोंके लेने शुरू किए. झूलों के सामने हमेशा छोटे बच्चे दौड़ते थे. लेकिन इस समय बच्चे नहीं थे इसलिए जमैका को ज़्यादा मज़ा आ रहा था.

फिर जमैका स्लाइड पर चढ़ गई. सीढ़ी पर लाल टोपी लटकी थी. जमैका ने उस टोपी को उठाया और उसे भी सवारी दी. फिर वो इतनी तेजी से नीचे फिसली कि वो रेत में गिर गई और अपनी पीठ के बल गिर पड़ी.

जब वो उठने के लिए पलटी तो उसने अपने बगल में एक कपड़े के कुत्ते को पड़ा देखा. वो रुई से भरा कपड़े का कुत्ता था, जिसे इतनी बार गले लगाया गया था कि वो घिस गया था. उसके ऊपर खाने और घास के धब्बे भी पड़े थे. उसकी बटन की बनी नाक टूट गई थी. अब नाक की जगह पर सिर्फ एक गोल सफेद धब्बा दिख रहा था. उसके सिर से दो काले कान लटके हुए थे.

जमैका ने कुत्ते को अपनी साइकिल की टोकरी में डाल दिया.

वो टोपी, पार्क हाउस में ले गई.

उसने टोपी, काउंटर पर बैठे युवक को दे दी.

जमैका जब घर के दरवाजे पर पहुंची तो उसकी माँ ने सबसे पहले यह बात पूछी: "वो कुत्ता कहाँ से आया?"

"मुझे वो पार्क में मिला. मैं घर आते समय पार्क में खेलने के लिए रुकी थी," जमैका ने कहा. "मुझे एक लाल टोपी भी मिली जो मैंने पार्क में काउंटर पर बैठे आदमी को दे दी."

"लेकिन, जमैका, तुम्हें उस कपड़े के कुत्ते को भी वापस करना चाहिए था," उसकी माँ ने कहा.

फिर उन्होंने कहा, "मुझे खुशी है कि तुमने टोपी लौटा दी."

"वो टोपी मुझे फिट नहीं आई," जमैका ने कहा.

"हो सकता है कि तुम्हें कुत्ता भी पसंद नहीं आए," माँ ने कहा.

"वो कुत्ता मुझे पसंद है," जमैका ने कहा.

"उस गंदे कुत्ते को मेज पर मत रखो!" जमैका के भाई ने कहा.

"किसी को नहीं पता कि वो कहाँ से आया है. वो साफ नहीं है," उसके पिता ने कहा.

"उस कुत्ते को रसोई में मत लाओ," जमैका की माँ ने कहा. जमैका कुत्ते को अपने कमरे में ले गई. वो अपनी माँ को यह कहते हुए सुन सकती थी, "वो कुत्ता शायद जमैका जैसी किसी लड़की का ही होगा."

मिठाई खाने के बाद जमैका बहुत ही शांति से अपने कमरे में चली गई. उसने कुत्ते को उठाया और उसे करीब से देखा. फिर उसने कुत्ते को एक कुर्सी पर फेंक दिया.

"जमैका," उसकी माँ ने रसोई से पुकारा. "क्या तुम भूल गईं? आज बर्तन साफ़ करने की तुम्हारी बारी है."

"क्या मुझे वो करना ज़रूरी है, माँ? मुझे आज अच्छा नहीं लग रहा है," जमैका ने उत्तर दिया.

जमैका ने बर्तनों की खड़खड़ाहट सुनी. फिर उसने अपनी माँ के कदमों को सुना.

उसकी माँ चुपचाप अंदर आईं वो वो जमैका के पास बैठ गईं, और उन्होंने कपड़े के कुत्ते को देखा, जो कुर्सी पर अकेला पड़ा था. माँ ने कुछ नहीं कहा. थोड़ी देर बाद उन्होंने जमैका के चारों ओर अपनी बाहें डाल दीं और उसे अपने गले लगाया.

"माँ, मैं उस कुत्ते को वापस पार्क में ले जाना चाहती हूँ," जमैका ने कहा.

"हम सुबह सबसे पहले वहां पर जाएंगे," उसकी माँ मुस्कुराई.

जमैका दौड़कर पार्क हाउस की ओर गई और उसने कपड़े के कुत्ते को काउंटर पर रख दिया.

"मैंने इसे स्लाइड पर पाया," उसने काउंटर पर बैठे युवक से कहा.

"अरे क्या तुम वही लड़की नहीं हो जिसने मुझे कल रात टोपी दी थी?"

"हाँ," जमैका ने अपने कानों के आसपास गर्मी महसूस करते हुए कहा.

"तुम्हें सच में बहुत सी चीजें मिलती हैं. मैं इसे "लॉस्ट एंड फाउंड" शेल्फ में रख दूंगा."

जमैका उस युवक को देखती रही.

"बस इतना ही?" उसने पूछा. "तुम्हें और कुछ तो नहीं मिला, क्यों?"

"नहीं, बस." वो कुत्ते को पीछे के शेल्फ पर रखते हुए देखने के लिए रुकी रही.

"मुझे यकीन है कि कोई छोटी लड़की या लड़का आज उस कुत्ते को लेने ज़रूर आएगा," युवक ने कहा.

जमैका बाहर भागी. उसका अकेले खेलने का मन नहीं कर रहा था. पार्क में उसकी माँ के अलावा और कोई नहीं था. माँ एक बेंच पर बैठी थीं. तभी जमैका ने एक लड़की और उसकी माँ को सड़क पार करके पार्क में आते हुए देखा.

"हेलो, मैं जमैका हूँ. तुम्हारा नाम क्या है?" उसने नई लड़की से पूछा.

लड़की ने अपनी मां का हाथ छोड़ा. "क्रिस्टिन," उसने कहा.

"क्या तुम मेरे साथ जंगल जिम पर चढ़ोगी, क्रिस्टिन?" जमैका ने पूछा.

क्रिस्टिन, जमैका की ओर भागी. "हाँ, लेकिन मुझे उससे पहले एक चीज़ ढूँढ़नी है."

"क्या?" जमैका ने पूछा. क्रिस्टिन स्लाइड के नीचे झुक रही थी.

"क्या तुमने क्या खोया है?" जमैका ने पूछा.

"एडगर कुत्ता. मैं उसे कल अपने साथ लाई थी पर फिर वो कहीं खो गया," क्रिस्टिन ने उत्तर दिया.

"क्या वो काले कानों वाला सफ़ेद रंग का कुत्ता था?" जमैका चिल्लाई. "चलो, मेरे साथ आओ."

पार्क हाउस के युवक ने काउंटर पर दो बच्चियों को देखा.

"अब तुम्हें क्या मिला?" उसने जमैका से पूछा.

लेकिन इस बार जमैका ने काउंटर पर कुछ भी नहीं रखा. इस बार वो अपनी सबसे बड़ी मुस्कान मुस्कुराई. "मुझे कपड़े के कुत्ते की मालकिन लड़की मिल गई है."

जमैका भी लगभग क्रिस्टिन की तरह खुश थी. क्रिस्टिन ने एडगर कुत्ते को अपनी बाहों में लेकर उसे अपने गले लगा लिया.

समाप्त